आकाशवाणी श्री विजयपुरम

18.09.2024 समय : 1850

- वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने आज एन पी एस वात्सल्य योजना की शुरूआत की।
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई की वर्ष दो हजार पच्चीस की बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने वाले नवीं और ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों का पंजीकरण आज से शुरू हो गया है।
- ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत की गई है।
- पहाड़गांव पुलिस ने हनी ट्रैप और फिरौती के मामले में तीन महिलाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।
- तकनीकी कारणों के चलते एम वी कैम्पबेल बे की बीस और बाईस सितम्बर की लिटिल अंडमान की यात्रा को रद्द कर दी गई है।

<><><><><><><>

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने आज एन पी एस वात्सल्य योजना की शुरूआत की। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने नौ बच्चों को प्रान कार्ड यानी परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नम्बर कार्ड सौंपा। अपने संबोधन में उन्होंने सभी से इसमें शामिल होने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यह योजना सम्मान के साथ आपके बच्चों के भविष्य के लिए है। वित्तमंत्री ने कहा कि ये योजना अभिभावकों को उनके बच्चों के लिए एक सुरक्षित भविष्य देगा। ई–एनपीएस पोर्टल के माध्यम से इसमें पंजीकरण कराया जा सकता है। वित्तमंत्री ने अभिभावकों से अपील की कि वे कभी भी कोई जन्मदिन या परिवार के खुशी के समारोह में शामिल होते हैं, तो ऐसे मौकों पर वे एनपीएस वात्सल्य योजना को उपहार स्वरूप दें। इस अवसर पर वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के दृष्टिकोण पर यह योजना आधारित है और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। श्री विजयपुरम में भारतीय स्टेट बैंक में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया और द्वीपों के बीस से अधिक पंजीकृत बच्चों को एन पी एस वात्सल्य योजना कार्ड का वितरण किया गया। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सिद्धार्थ गुप्ता ने बताया कि सालाना कम से कम एक हजार रूपये की राशि से शून्य से अट्ठारह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के अभिभावक या गार्जियन बैंक में खाता खुलवा सकते हैं।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई की वर्ष दो हजार पच्चीस की बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने वाले नवीं और ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों का पंजीकरण आज से शुरू हो गया है। सीबीएसई की अधिसूचना के अनुसार पंजीकरण की अंतिम तिथि सोलह अक्टूबर है। सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय **cbse.gov.in** पर अपने छात्रों का पंजीकरण करवा सकते है। अधिसूचना में बताया गया है कि दो हजार पच्चीस–छब्बीस सत्र में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में वे सभी छात्र परीक्षा दे सकेंगे, जिनका नाम और विवरण उनके स्कूलों की ओर से दाखिल करा दिया गया है। स्कूलों को छात्रों का विवरण दाखिल करने से पहले सीबीएसई पोर्टल पर खुद का भी पंजीकरण कराना होगा। सीबीएसई ने कहा है कि स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि अनाधिकृत और असंबद्ध संस्थानों के छात्र उनकी स्कूल में नियमित कक्षाओं में भाग नहीं ले रहे हैं। बोर्ड ने यह भी कहा है कि छात्रों को सीबीएसई के अलावा किसी अन्य बोर्ड में पंजीकृत नहीं करवाया जा सकता। स्कूलों से कहा गया है कि छात्र का नाम, उसके माता–पिता या अभिभावक का नाम, विषयों के नाम और अन्य सूचना को सही तरीके से दाखिल करें।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत की गई है। पिछले दस वर्षों के दौरान इस द्वीपसमूह में करीब बीस हजार व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण के अलावा साढ़े तीन सौ से अधिक सामुदायिक शौचालय परिसरों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा छब्बीस ठोस कचरा प्रबंधन कलस्टर स्थापित किए गए हैं। ग्रामीण विकास और पंचायती राज सचिव अर्जुन शर्मा ने कल इस अभियान का उद्‌घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कचरों को अलग–अलग करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ठोस कचरा प्रबंधन में सभी से सहयोग देने और द्वीपों को साफ–सुथरा तथा हरा–भरा बनाए रखने का अनुरोध किया। ग्रामीण विकास निदेशक ने राज्य स्तरीय योजना के बार में विस्तार से जानकारी दी। स्वच्छता ही सेवा शपथ भी दिलाई गई।

<><><><><><><>

पहाड़गांव पुलिस ने हनी ट्रैप और फिरौती के मामले में तीन महिलाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इनमें डेरीफार्म निवासी रेणुका रत्नम, डॉलीगंज निवासी फरीदा बेगम और गाराचरमा निवासी रिंकू दास शामिल है। चौदह सितम्बर को संदिग्धों ने शिकायतकर्ता की फोटो खींची और उनसे दो लाख रूपये की मांग की और सोने की चेन को भी ज़ब्त कर लिया। अगले दिन इस समूह ने एक लाख से अधिक रूपये की मांग की, जो बाद में चालीस हजार के समझौता पर आकर रूकी। मांग की जांच के बाद पुलिस द्वारा भातुबस्ती के होटल ग्रीलैक्स में जाल बिछाया गया और पहले से चिन्हित रूपये में निशान लगाकर अभियान को अंजाम दिया। पुलिस के इस कार्रवाई के दौरान ये रूपये रेणुका रत्नम से बरामद किया गया और शिकायतकर्ता की सोने की चेन फरीदा बेगम से बरामद किया गया। पहाड़गांव थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मोहम्मद इलियास के नेतृत्व में तथा एस डी पी ओ विकास स्वामी की निगरानी और दक्षिण अंडमान ज़िला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्‌ट की संपूर्ण मार्गदर्शन में इस अभियान को चलाया गया। पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया कि वे इस तरह के धोखेबाजों के प्रति सावधान रहें तथा इस संबंध में किसी भी तरह की जानकारी या अपराध के बारे में पुलिस को सूचना देकर सहयोग करें।

<><><><><><><>

महान क्रांतिकारी महावीर सिंह की जयंती के अवसर पर श्री विजयपुरम स्थित महावीर सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। जनवरी उन्नीस सौ तैंतीस में उन्हें ब्रिटिश हुकूमत द्वारा कालेपानी की सजा सुनाई गई थी। उन्होंने सेल्यूलर जेल में रहकर अनशन किया और उन्हें जबरन दूध पिलाया गया। इससे उनकी तबीयत बिगड़ी और वे शहीद हो गए। प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

तकनीकी कारणों के चलते एम वी कैम्पबेल बे की बीस और बाईस सितम्बर की लिटिल अंडमान की यात्रा को स्थगित कर दी गई है। इस जलयान से यात्रा करने वाले यात्रियों को अपने टिकट रद्‌द कर पैसे वापस लेने को कहा गया है। अब जलयान सिंधु बीस सितम्बर को रात्रि नौ बजे लिटिल अंडमान के लिए रवाना होगी और अगले दिन सुबह दस बजे इसकी वापसी होगी। यही जलयान बाईस सितम्बर को सुबह सात बजे लिटिल अंडमान जाएगी और इसी दिन रात्रि नौ बजे श्री विजयपुरम के लिए इसकी वापसी होगी। इस यात्रा के लिए टिकट कल सुबह नौ बजे से स्टार्स टिकटिंग काउंटर से जारी किए जाएंगे। यात्री ऑनलाइन भी इस यात्रा के लिए टिकट बुक कर सकते हैं।

<><><><><><><>

हिन्दी पखवाड़ा मनाए जाने के सिलसिले में आज प्रशासन तथा नगर राजभाषा कियान्वयन समिति के सदस्य कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए हिन्दी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कल सुबह दस बजे राजभाषा विभाग के हिन्दी प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशासन के विभिन्न विभागों और कार्यालयों के बहु कार्य निष्पादन कर्मचारियों के लिए हिन्दी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>